मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 31 ■ सोमवार, 8 अप्रैल 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**एकनाथ खडसे ने भाजपा में शामिल होने का किया एलान**

## कल्याण में राकांपा कार्यकर्ता मेलावा संपन्न



आकिब शेख

**कल्याण.** कल्याण लोकसभा से महायुती के प्रत्याशी के रूप में शिवसेना के सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे की उम्मीदवारी घोषित होने के बाद उन्होंने चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है।

रविवार को डोंबिवली के जिमखाना में राष्ट्रवादी अजीत पवार गुट की तरफ से श्रीकांत शिंदे के समर्थन में कार्यकर्ता मेलावा का आयोजन किया गया था, जहां वे कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे. इस कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रवादी अजीत पवार गुट के जिलाध्यक्ष जगन्नाथ अप्पा शिंदे, एनसीपी के नेता प्रमोद हिंदूराव, शिवसेना शिंदे गुट के जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, डोंबिवली शहर प्रमुख राजेश मोरे, राजेश कदम के अलावा बड़ी संख्या में राष्ट्रवादी कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे। हाल में मौजूद कार्यकर्ताओं की भीड़ देखकर शिंदे ने कहा कि यह भीड़ इस बात का प्रमाण है कि कल्याण लोकसभा में राष्ट्रवादी की ताकत कितनी है।

सांसद श्रीकांत शिंदे ने यह भी कहा कि महायुती में पहले शिवसेना बीजेपी और आरपीआई थी, लेकिन अब राष्ट्रवादी भी हमारे साथ है। सभी सहयोगी दलों का साथ हमें मिलेगा। तीनों दलों की मदद से कल्याण लोकसभा में जीत का एक नया रिकॉर्ड बनेगा ऐसा विश्वास शिंदे ने व्यक्त किया।

# सहयोगी दलों की मदद से कल्याण लोकसभा में बनेगा जीत का रिकॉर्ड

## गंगोत्री के नेतृत्व वाले राकांपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले श्रीकांत शिंदे

■ **शहर के गंभीर मुद्दों पर सोनिया धामी ने करवाया शिंदे का ध्यान केंद्रित**



**उल्हासनगर.** राकांपा प्रदेश सचिव भारत गंगोत्री के नेतृत्व में कल रविवार 7 अप्रैल दोपहर को कैंप 5 स्थित कुर्ला कैंप परिसर में बने हुए स्वामी शांति प्रकाश हॉल में कार्यकर्ता मेळावा का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे को मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया था। शिंदे ने राकांपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद साधा और आगामी लोकसभा चुनाव में बड़ी लीड से विजय दिलाने का आह्वान किया। बता दे कि उक्त कार्यक्रम में राकांपा प्रदेश महासचिव सोनिया धामी द्वारा डॉ. श्रीकांत शिंदे का ध्यान मुख्य रूप से शहर में पनप रहे भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मुद्दों की तरफ केंद्रित करवाया गया। जिससे शहर की स्थिती खस्ताहाल हो चुकी है और युवा पीढ़ी अपने सोशल स्टेटस में उल्हासनगर की बजाय मुंबई लिख रही है जो कि काफी अफसोसजनक है।

### सांसद शिंदे का आदित्य ठाकरे पर पलटवार कहा- जितनी कूवत उतना ही बोलें


मीडिया से बातचीत के दौरान श्रीकांत शिंदे ने आदित्य ठाकरे द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर करारा जवाब दिया है। बतादें कि आदित्य ठाकरे ने कहा था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कल्याण लोकसभा की एक सीट के लिए महाराष्ट्र में पांच सिटिंग सांसदों का बलि चढ़ाई। उनके इस बयान पर श्रीकांत शिंदे ने पलटवार करते हुए कहा कि जिसकी जितनी ताकत है उसी हिसाब से ही बोलना चाहिए। जरूरत और क्षमता से अधिक बयान बाजी करना ठीक नहीं इस तरह के तीखे शब्दों में श्रीकांत शिंदे ने आदित्य ठाकरे की आलोचना की।

श्रीकांत शिंदे ने कहा कि शहर के विकास के लिये लगभग 1100 करोड़ का फंड दिया गया है और शहर में विकास गति पर है और जल्दी शहर का चेहरा बदल जाएगा और आने वाले समय में उल्हासनगर शहर की तुलना भी समीप के अंबरनाथ और कल्याण जैसे शहरों के साथ की जाएगी।

## ईदगाह मैदान में होगी ईद की नमाज 3 जमात

### सुबह 7, 8 और 9 बजे जमात नमाज होगी

यूसुफ शेख




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में ईद-उल-फितर यानी रमजान ईद की नमाज तीन जमात के साथ होगी. ईदगाह मैदान कोहोजगांव में सुबह 7 बजे दूसरी जमात 8 बजे और तीसरी सुबह 9 बजे अदा की जाएगी. उक्त जानकारी मुस्लिम जमात अंबरनाथ के अध्यक्ष हाजी सलीम चौधरी ने दी है. इस वर्ष फितरे की रकम प्रति व्यक्ति 80 रुपए रखी गई है, जो ईद की नमाज से पहले अदा करना होता है. अध्यक्ष ने ईद की नमाज को आनेवालों से अपील की है कि वह अपने साथ मुसल्ला लेकर एवं घर से वजू करके तशरीफ लाएं. जमात की ओर से गरीबों में हर वर्ष दर्गा पर जकात फितरे की रकम वितरित की जाती है. हर वर्ष रमजान ईद की नमाज पढ़ने के लिए ईदगाह मैदान में 20 से 30 हजार मुसलमान अंबरनाथ के अलावा उल्हासनगर एवं आसपास के शहरों से आते हैं. साथ ही बुवापाड़ा में गौसिया मस्जिद, वुलन चाल में शाफी मस्जिद, कादरी मस्जिद, मक्का मस्जिद में भी मुसलमान दो से तीन जमातों में ईद की नमाज अदा करते हैं. ईद की तैयारी के लिए शहर में बच्चों, बड़ों के कपड़े खरीदने के लिए भीड़ बढ़ती जा रही है. अगर 29 रमजान का चांद हुआ तो 10 अप्रैल बुधवार को ईद होगी. 20 रोजे पूरे हुए तो 11 अप्रैल को गुरुवार को ईद होगी. मंगलवार की गुढ़ीपाड़वा है. उसके बाद रमजान ईद है. इन दो त्यौहारों को देखते हुए शहर में पुलिस अलर्ट हो गई है ताकि दोनों त्यौहार शांति अमन के साथ हों.

## उल्हासनगर में सड़क का काम मानसून से पहले पूरा करें

■ **मनपा आयुक्त अजीज शेख ने बैठक में दिए निर्देश**



**उल्हासनगर.** नागरिकों को असुविधा से बचाने के लिए आयुक्त अजीज शेख ने शहर में भूमिगत सीवर और सड़कों का काम मानसून से पहले पूरा करने के निर्देश दिए हैं. बैठक में एमएमआरडीए के अधीक्षक अभियंता, ठेकेदार, सलाहकार सहित मनपा अधिकारी उपस्थित थे। उल्हासनगर में एमएमआरडीए के माध्यम से 150 करोड़ के फंड से 7 मुख्य सड़कों का काम पिछले डेढ़ साल से चल रहा है और एक भी सड़क पूरी नहीं हुई है. अधूरी बनी सड़क के कारण नागरिकों को असुविधा हो रही है और नागरिकों ने इसकी शिकायत मनपा से की है। नागरिकों की शिकायतों पर विचार करते हुए आयुक्त अजीज शेख द्वारा बुलाई गई बैठक में एमएमआरडीए के अधीक्षक अभियंता अर्जुन कोरगांवकर, अरविंद धाबे, कार्यकारी अभियंता राजेंद्र देवरे, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, सहायक निदेशक शहरी नियोजन ललित खोब्रागड़े, शहर अभियंता संदीप जाधव, जल आपूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता परमेश्वर बडगे, नोडल अधिकारी गणेश शिम्पी, सहायक आयुक्त मनीष हिवरे, दत्तात्रेय जाधव, अनिल खतुरानी और अन्य अधिकारी और साथ ही सड़क और सबवे सीवरेज परियोजना के ठेकेदार, परियोजना सलाहकार और अन्य उपस्थित थे। अंडरग्राउंड ड्रेनेज योजना के तहत सड़कों की खुदाई, नालों के फूटने और सड़क पुनर्निर्माण के दौरान लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है. बहरहाल टूटी-फूटी पाइप लाइन की मरम्मत को लेकर ठेकेदार और महानगर पालिका आमने-सामने आ गए हैं और विकास कार्य ठप होने की आशंका राष्ट्रवादी कांग्रेस प्रमुख भरत गंगोत्री, विशाल मखीजा ने जताई है।

### खोदी गई सड़क की तुरंत मरम्मत की जाए

कमिश्नर ने बैठक में अधिकारियों, सलाहकारों और ठेकेदारों को एमएमआरडीए के माध्यम से चल रहे सड़क कार्यों को मानसून से पहले पूरा करने की योजना बनाने के आदेश दिए हैं. साथ ही अंडरग्राउंड ड्रेनेज योजना का काम पूरा किया जाये. साथ ही अंडरग्राउंड ड्रेनेज योजना के तहत सीवर लाइन डालने के बाद खोदी गई सड़क की तुरंत मरम्मत करें। इसके अलावा कोई अन्य सड़क नहीं खोदी जाए। कमिश्नर शेख ने ठेकेदार सहित कंसल्टेंट को सड़क खोदने के लिए मनपा कार्य विभाग से उचित अनुमति लेने का आदेश दिया. शहर में सबवे सीवरेज योजना और सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए सड़कों की खुदाई के कारण शहर में यातायात की भीड़ और धूल का साम्राज्य बन गया है और आयुक्त ने शहर के अभियंता संदीप जाधव को नागरिकों की असुविधा से बचने के लिए उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

### तड़ीपार गुंडा गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** हिललाइन पुलिस के निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर क्षेत्र में आये तड़ीपार आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर लिया. कैम्प 5 निवासी आरोपी सोनू रामसुहारी कोरी को 2022 में क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था. 22 जून 2022 को पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 द्वारा आरोपी सोनू कोरी को ठाणे, मुंबई शहर, मुंबई उपनगर और रायगढ़ की सीमा पार करने का आदेश जारी किया गया था। जैसे ही क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि वह पुलिस उपायुक्त सोनू कोरी की अनुमति के बिना कैंप 5 इलाके में दाखिल हुआ है, तो उसे जाल बिछाया गया और गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस कांस्टेबल बागुल को जांच की जिम्मेदारी दी गई है.

## अंबरनाथ हिंदू-मुस्लिम एकता का शहर : श्रीकांत शिंदे

### ईदगाह मैदान में रमजान रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर हिंदू मुस्लिम एकता का उदाहरण है. यहां पर दोनों धर्म के लोग आपसी मोहब्बत और भाईचारे के साथ रहते हैं. हजरत गैबन शाह वली ईदगाह मैदान में आयोजित रमजान रोजा इफ्तार पार्टी में सांसद श्रीकांत शिंदे ने ये बात कही है. ये रोजा इफ्तार का आयोजन विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, पूर्व नगरसेवक नासिर कुंजाली एवं इफ्तिखार खान की ओर से शनिवार को आयोजित किया गया था. सांसद शिंदे का इफ्तार पार्टी में जबरदस्त पटाखे फोड़ कर स्वागत किया गया. इफ्तार में सैकड़ों हिंदू और मुस्लिमों ने एक ही टेबल पर बैठकर इफ्तार किया. युवा सेना, शिवसेना शिंदे के कार्यकर्ता एवं पूर्व नगरसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे. मुस्लिम जमात अध्यक्ष हाजी सलीम चौधरी, उपाध्यक्ष आरिफ काजी भी उपस्थित थे. रोजा इफ्तार के बाद सभी के लिए खाने का प्रबंध किया गया था. अब्दुल शेख ने सभी उपस्थितों का स्वागत करते हुए शहर में हिंदू-मुस्लिम एकता पर शब्द कहे. सलीम चौधरी ने भी खुशी का इजहार करते हुए सांसद शिंदे का स्वागत किया. विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी, सुभाष सालुंखे, उमेश गुंजाल, नजीर शेख, अजय जाधव, बिस्मिल्ला शेख, पत्रकार कमर काजी, राहुल हेमराज, निखिल चौधरी, रवि करंजुले आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का सूत्र संचालन पत्रकार यूसुफ शेख ने किया. नासिर कुंजाली ने सभी का आभार व्यक्त किया.

## बैडमिंटन टूर्नामेंट में विजेताओं का जगदीश तेजवानी ने किया सम्मान



**उल्हासनगर.** कालानी स्कूल में डॉक्टर्स-सी.ए. बैडमिंटन ग्रुप के प्रयास से बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित उल्हासनगर भाजपा व्यापारी सेल ज़िलाध्यक्ष जगदीश तेजवानी ने खिलाड़ियों की हौसला अफज़ाई की व विजेता भारत आहूजा - भीमा धामी व उपविजेता रवि कटारिया - गुलाब मुल्तानी को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया. विजेता जोड़ी व उपविजेता जोड़ी के अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले ऑर्गनाइजर स्पॉन्सर डॉ. चंदन वाटवाणी, डॉ. विराज पमनानी, डॉ गुँजन डोडवाणी, हीरो मूलचंदानी, अनिल माखीजा सहित कई प्रतियोगी व सुनील सुखेजा, दिनेश मीरचंदानी, एडवोकेट तायड़े शामिल हुए.

## उल्हासनगर में खतरनाक इमारतों का होगा सर्वेक्षण



**उल्हासनगर.** अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने बताया कि निर्माण विभाग मानसून से पहले खतरनाक इमारत का सर्वेक्षण करेगा। शहर में खतरनाक इमारतों का मामला सामने आ चुका है और इससे पहले इमारतों के गिरने से कई लोगों की मौत हो चुकी है.

उल्हासनगर जहां अवैध निर्माणों के लिए मशहूर है, वहीं पिछले कुछ सालों में यहां खतरनाक इमारतों का मामला भी सामने आया है। बिल्डिंग के स्लैब गिरने से कई लोगों की मौत हो चुकी है. इस बीच सरकार ने खतरनाक इमारत के पुनर्निर्माण के लिए जीआर जारी कर दिया है. इससे नागरिकों को कितना लाभ मिलता है? समय बताएगा। हालांकि एहतियात के तौर पर मनपा ने बरसात से पहले खतरनाक इमारत का सर्वे करने के लिए मनपा अधिकारियों के साथ बैठक की. अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने बताया कि खतरनाक इमारत का सर्वे निर्माण विभाग के अधीन वार्ड समिति कार्यालय की ओर से किया जाएगा. आयुक्त अजीज शेख ने कहा कि वे जल्द ही खतरनाक इमारत के पुनर्निर्माण और उपायों के संबंध में सामाजिक संगठनों, मनपा अधिकारियों, आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स आदि से चर्चा करेंगे।

शिवसेना के जिला संगठक नाना बागुल, वंचित बहुजन अघाड़ी नेता सारंग थोरात, रिपाई अठावले समूह के पदाधिकारी और अन्य ने मंगलवार को आयुक्त अजीज शेख से मुलाकात की और झुग्गी-झोपड़ी वाले मकानों, खतरनाक इमारतों, अवैध निर्माणों आदि को नियमित करने की मांग की। इस अवसर पर शहर अभियंता संदीप जाधव, सहायक नगर नियोजन निदेशक ललित खोब्रागड़े, मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे आदिजन उपस्थित थे. इस समय मनपा आयुक्त ने खतरनाक इमारतों को लेकर ठोस निर्णय लेने का आश्वासन दिया है.




## 9 अप्रैल को चेटीचंड महाबाइक रैली में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील



**उल्हासनगर।** सिंधी समाज के नववर्ष चेटीचंड के महापर्व पर उल्हासनगर शहर में महा बाइक रैली का आयोजन मंगलवार 9 अप्रैल 2024 को सुबह 10 बजे किया गया है। इस महापर्व पर लगातार तीसरे वर्ष निकल रही इस महा बाइक रैली में हजारों की संख्या में शामिल होने की अपील साईं झूलेलाल के भक्तों से कमेटी के सदस्यों ने की है।

ज्ञात हो कि इस महा बाइक का आयोजन उल्हासनगर-1 रिजेंसी एंटीलिया से शुरू होगा और बिरला गेट, कैम्प 1 बस स्टैंड से गोल मैदान निरंकारी हॉल, नेहरू चौक, फर्निचर बाजार, शिवाजी चौक, सेक्शन 17, हीरा घाट, पवाई चौक, उल्हासनगर-4 मेन बाजार, 25 सेक्शन, नेताजी चौक, गांधी रोड, चालिहा साहब, दूध नाका से होते हुए कैलाश कॉलोनी स्थित जय झूलेलाल प्रवेश द्वार पर संपन्न होगा। इस महा बाइक रैली में शामिल होने की अपील महेश सुखरामानी, भारत राजवानी (गंगोत्री), शंकर नागरानी, हीरो बोधा, अनिल बठिजा, सोनू विशनानी, दीपक मंगतानी (रंगीला), जयराम खत्री ने की है। बाइक लाने वाले सभी युवक-युवतियों से अपील है कि वो यातायात का पालन करते हुए सुबह 10 बजे रिजेंसी एंटीलिया में एकत्रित हो। इस रैली का समापन दोपहर 1 बजे होगा। लाल साईं के भक्तों और व्यापारियों से अपील है कि इस रैली में बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर सिंधी समाज की ताकत को और बढ़ाएं।

### अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर



**कल्याण.** कडोंमनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ के निर्देशानुसार मनपा के आई वार्ड की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर ने कल्याण पूर्व आढिवली ढोकली में डेवलपर वादवा की अनधिकृत इमारत के भूतल + चार मंजिली अवैध इमारत को ध्वस्त करने की कार्रवाई की और स्कूल के लिए भूखंड आरक्षित किया, इस इमारत के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दिनों तक चली. इस कार्रवाई को अनाधिकृत निर्माण विभाग के कर्मचारियों, 10 मजदूरों, 1 पोकलन और 1 जेसीबी की मदद से अंजाम दिया गया.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

संपादकीय

## महंगाई पर नियंत्रण करने की जरूरत

रेपो दर ऊंची रहने पर बाजार में पूंजी का प्रवाह काबू में रहता है, इस तरह महंगाई पर भी अंकुश होता है। मगर इससे घर, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ बढ़ जाता है।

यह सातवीं बार है, जब भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति में कोई बदलाव करने से परहेज किया है। उसने रेपो दर को 6.5 फीसद पर यथावत बनाए रखा है। ऐसा महंगाई पर काबू पाने के मकसद से किया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि चालू वित्तवर्ष में महंगाई की दर घट कर 4.5 फीसद पर आ जाएगी।

पिछले वर्ष इसके 5.4 फीसद रहने का अनुमान लगाया गया था। अब भी महंगाई काबू में नहीं आ रही। थोक और खुदरा महंगाई तथा विकास दर में कोई तार्किक संतुलन नजर नहीं आता। खुदरा वस्तुओं में फल और सब्जियों के दाम उस मौसम में भी ऊंचे देखे गए, जब बाजार में नई फसल की आवक बढ़ जाती है।

इस समय भी बाजार में आलू, प्याज, टमाटर जैसी रोजमर्रा इस्तेमाल की सब्जियों की कीमत बाईस से चालीस फीसद तक बढ़ी हुई है, जबकि इस वक्त इनकी नई फसल बाजार में आती है। दाल, चावल, आटे जैसी चीजों की कीमतें भी आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। ऐसे में रिजर्व बैंक रेपो दर में बदलाव करके किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता था।

रेपो दर ऊंची रहने पर बाजार में पूंजी का प्रवाह काबू में रहता है, इस तरह महंगाई पर भी अंकुश होता है। मगर इससे घर, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ बढ़ जाता है। उद्योग जगत लंबे समय से उम्मीद लगाए बैठा है कि रेपो दर में कमी आए, तो उन्हें कारोबार के लिए कर्ज पर कम बोझ उठाना पड़े।

मगर महंगाई की मार ने रिजर्व बैंक को ऐसा कोई फैसला करने से रोक रखा है। मगर केवल रेपो दर ऊंची रख कर महंगाई पर काबू पाने का फार्मूला कहां तक कारगर साबित होगा, कहना मुश्किल है। महंगाई के लिए जिम्मेदार पेट्रोल-डीजल की कीमतें, खेती में बढ़ती लागत, उद्योगों में उत्पादन लागत आदि पर काबू पाए बिना महंगाई पर लगाम कसना कठिन ही बना रहेगा। फिर, लोगों की क्रयशक्ति घटने से महंगाई की मार आम लोगों पर बहुत भारी पड़ रही है। रेपो दर के अलावा महंगाई के कुचक्र से बाहर निकलने का व्यावहारिक रास्ता निकालना होगा।

# भारतीय उत्पादों का बहिष्कार नहीं होगा कामयाब

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली विपक्षी इस्लामवादी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के बहिष्कार के बावजूद जनवरी, 2024 के चुनाव में जीत हासिल करके शेख हसीना पांचवीं बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं। छिटपुट हिंसा के बीच व्यापक रूप से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से 40 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ। शेख हसीना पर पश्चिमी देशों का दबाव था। लेकिन भारत ने निजी तौर पर इस हस्तक्षेप का विरोध किया।

शेख हसीना की स्वायत्त विदेश नीति, भारत से निकटता और बांग्लादेश की शानदार सफलता की वजह से पश्चिमी देश उन्हें सत्ता से बाहर करना चाहते थे। इसलिए वे भारत और बांग्लादेश के बीच दरार पैदा करने के लिए 'इंडिया आउट' अभियान चला रहे हैं। यह निराश इस्लामवादियों को सक्रिय होने का मौका देता है। अर्थव्यवस्था को धर्म के साथ मिलाने का नतीजा हमेशा विनाशकारी होता है। इसे पाकिस्तान, सूडान और अफगानिस्तान, आदि के हालात से समझा जा सकता है। बांग्लादेश के इस्लामवादी समूहों का मुख्य लक्ष्य बांग्लादेश में सरिया कानून से शासन चलाना है। जहां आर्थिक मंदी हसीना की मुख्य चुनौती है, वहीं देश का बढ़ता इस्लामीकरण चिंता की बात है। पहले की तुलना में अब ज्यादा बांग्लादेशी महिलाएं बुर्का और हिजाब में दिखती हैं।

शासन परिवर्तन आंदोलन का नेतृत्व ओपन सोसाइटी फाउंडेशन कर रहा है, जिसकी स्थापना खतरनाक जॉर्ज सोरोस ने की है,



जो न्याय, लोकतांत्रिक शासन और मानवाधिकारों (और दुनिया को नियंत्रित करने के अमेरिकी हित) के लिए काम करने वाले तथाकथित स्वतंत्र समूहों का सबसे बड़ा निजी वित्तपोषक है। पहला बांग्लादेशी इस्लामी उग्रवादी गुट 1989 में उभरा, जब कई दर्जन गुटों का एक नेटवर्क स्थापित और विस्तारित हुआ। भारत मुक्ति संग्राम के समय से ही बांग्लादेश की बाहरी चुनौतियों से निपटा है। भारत ने अवामी लीग का समर्थन किया, जबकि पाकिस्तान, चीन और अमेरिका उसके खिलाफ खड़े थे। ये सभी शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

दक्षिण एशिया में सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली देश के रूप में भारत कमजोरों के खिलाफ होने वाले अत्याचारों का सामना करता है, लेकिन हमारे सभी छोटे पड़ोसियों द्वारा आरोप लगाए जाते हैं। जाहिर है, सही संतुलन बनाना आसान नहीं है, लेकिन हम संवेदनशील प्रयास कर रहे हैं। क्या 'बांग्लादेश के घरेलू मामलों में निरंतर हस्तक्षेप' का विरोध करने के लिए भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का इंडिया आउट अभियान, जो ज्यादातर सोशल मीडिया पर चल रहा है, काम करेगा। इसका जवाब है-नहीं, क्योंकि इसका उद्देश्य भारत को नुकसान पहुंचाना उतना नहीं है, जितना ढाका की सरकार को अस्थिर करना।

बांग्लादेश भारत से आयात पर निर्भर है, जो कुल मिलाकर 16 अरब डॉलर से ज्यादा का है। इसमें खाद्य, ईंधन, उर्वरक, औद्योगिक कच्चा माल जैसी जरूरी चीजें शामिल हैं, जबकि उसके कॉरपोरेट सेक्टर सॉफ्टवेयर और सेवा-आधारित कुशल भारतीय श्रमिकों और विशेषज्ञों को नियुक्त करते हैं। भारत ने बांग्लादेश को विकास सहायता के मद में 10 अरब डॉलर से ज्यादा रकम दी है। भारत अगर बांग्लादेश से बाहर निकल जाएगा, तो क्या बांग्लादेश चीन से आयात करेगा?

'इंडिया आउट' अभियान से जुड़े लाखों बीएनपी समर्थकों का झुकाव जिहादवाद और हिंदू विरोधी भावनाओं की ओर है, जो इस क्षेत्र के लिए गंभीर सुरक्षा खतरा पैदा कर सकता है। बांग्लादेशी मदरसे उग्रवाद के लिए खाद-पानी मुहैया कराते रहते हैं। हिंदुओं पर छिटपुट हमले और उनकी संपत्तियों को लूटने की घटनाएं होती रहती हैं।

इन सबके बावजूद बांग्लादेश भारत के लिए और भारत बांग्लादेश के लिए इतने महत्वपूर्ण हैं कि इसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। नदी जल का बंटवारा, जलवायु परिवर्तन से लड़ना, अधिक आयात, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, बेहतर सीमा प्रबंधन-ये प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं। कई दक्षिण एशियाई देश यह सबक ले रहे हैं कि चीन वास्तव में उन्हें अपने बराबर नहीं मानता।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

आंतरिक प्रकाश में लीन होने से, आत्मा भीतर मौजूद सच्चाइयों के प्रति जागृत हो उठती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# सहकारिता से मिलेगा करोड़ों को स्वरोजगार

अगर भारत दुनिया की शीर्ष तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तो इसमें सहकारी आंदोलन एक महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। यह एक ऐसी खिड़की है, जहां से सतत आर्थिक विकास की रोशनी लगातार आ सकती है। इसलिए मोदी सरकार भारत में सहकारिता आंदोलन को गति देना चाहती है। सरकार और अर्थशास्त्रियों को पता है कि सहकारिता क्षेत्र के रास्ते भारत संसार की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। निश्चित रूप से इस सेक्टर को इस लक्ष्य के लिए एक बड़ी भूमिका निभानी पड़ेगी और शायद इस क्षेत्र में छुपी अपार संभावनाओं को देखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का ही गठन कर दिया है। ताकि इसके लिए अलग बजट का प्रावधान किया जा सके। चूंकि, यह क्षेत्र बहुत बड़ा है और इस पर करोड़ों लोगों की निर्भरता है, इसलिए इसका पोषण और संरक्षण भी जरूरी है।

देश के 29 राज्यों में लगभग 8,02,639 सहकारी समितियां हैं, और ये अरबों का व्यापार भी कर रही हैं। देश में सहकारी बैंकों की कुल संख्या 1,886 है, जिसमें 1,500 शहरी सहकारी बैंक और 386 ग्रामीण सहकारी बैंक शामिल हैं। ये सहकारी संस्थाएं देश भर में विभिन्न समुदायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेशक, केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उससे पहले देश में सहकारी समितियों स्थिति अच्छी नहीं थी। यहाँ भी भ्रष्टाचार ने अपने पैर गहरे जमा लिए थे। आपसी मिलीभगत के जरिए वित्तीय लेन-देन में कुछ लोग काफी हेरफेर करते रहे थे। प्रबंधन के



नाम पर केवल कागजी कार्रवाई भर होती थी। व्यक्तिगत मतभेद और लड़ाई-झगड़ा तो आम बात थी। और अनावश्यक विवाद डालकर समितियां बंद भी कर देते थे। कुछ बड़े भाग्यशाली समूह मनमानी करते थे और किसानों तथा छोटे उद्यमियों तक काम पहुंच ही नहीं पाते थे। लेकिन, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की निगरानी ने दृश्य बदल कर रख दिया है। कई अहम सुधार किए गए हैं। साथ में जवाबदेही भी तय की जा रही है।

बेशक, अमित शाह की इस बात में दम है कि 115 साल पुराने सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए आजादी के बाद ही एक अलग सहकारिता मंत्रालय बना दिया जाना चाहिए था। लेकिन, यह काम तब हुआ जब 2019 में नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने। तब उन्होंने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। सहकारी समितियां आपसी सहयोग से बनाई गई संस्थाएं होती हैं। यह सामूहिकता के सिद्धांत पर काम करती हैं। पूंजी की जुटान साझेदारी की भावना से होती है और उपयोग में दूसरों की मदद करने की भावना होती है। इसकी विशालता और फैलाव का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि इस समय भारत में करीब 2 लाख सहकारी डेयरी समितियां और 330 सहकारी चीनी मिलें चल रही हैं। अकेले गुजरात में 81307 सहकारी समितियां काम कर रही हैं। 19 बहु-राज्य सहकारी समितियों को राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समितियों का दर्जा प्राप्त है। टर्नर्ओवेर के हिसाब से देखे तो वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इफको का टर्नओवर 60,324 करोड़ रुपये का टर्नओवर था और अमूल का 2023-24 के लिए 12,880 करोड़ रुपये था। यही नहीं इफको को दुनिया की 300 सबसे बड़ी सहकारिता समिति की सूची में शामिल किया गया है।

# अब पेड़ बताएंगे, पृथ्वी पर कब आएगा अगला सौर तूफान

जरा हट के

पृथ्वी पर सौर तूफान कब आएगा इसका अनुमान कैसे लगाया जा सकता है. सूर्य की लगातार निगरानी कर उसके चक्रों का अध्ययन हमें बता सकता है कि आने वाले समय में सूर्य पर सौर तूफान पैदा करने वाली गतिविधियां कब होगी. इन सौर तूफानों के पृथ्वी की चीजों पर गहरे असर होते हैं. वैज्ञानिकों ने एक स्टडी में पाया है कि पेड़ वैज्ञानिकों को यह बता सकते हैं कि अगली बार बहुत ही विशालकाय सौरतूफान कब आएगा. 1859 की कैरिंगटन घटना एक शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान था जो 1-2 सितंबर, 1859 को आया था. उस घटना के दौरान, तूफान से ठीक पहले एक प्रमुख सौर ज्वाला देखी गई थी. इससे भारी मात्रा में उत्सर्जित ऊर्जा से आवेशित कणों का एक विशाल विस्फोट हुआ. इन कणों का पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर के साथ संपर्क होने पर एक प्रचंड भू-चुंबकीय तूफान पैदा हुआ था.



अब, हेलसिंकी विश्वविद्यालय द्वारा समन्वित एक अध्ययन में लैपलैंड के पेड़ों के भीतर छिपी एक खोज का खुलासा हुआ है. इस खोज ने 165 साल पहले पृथ्वी पर आने वाले सबसे बड़े सौर तूफानों में से एक के बारे में सुराग दिया है, जो 1859 की कैरिंगटन घटना ही थी. यह अध्ययन जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स जर्नल में प्रकाशित हुआ था. इसमें शोधकर्ताओं ने 1859 की घटना के बाद पेड़ के छल्लों के भीतर रेडियोकार्बन की मात्रा में वृद्धि का पता लगाया. निष्कर्षों ने ऐसे भविष्य के सौर तूफानों की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है. लैपलैंड में पेड़ के छल्लों का विश्लेषण करके शोधकर्ताओं ने कैरिंगटन तूफान से जुड़े रेडियोकार्बन स्तर में वृद्धि की पहचान की. इस खोज से सौर गतिविधि और पृथ्वी के वायुमंडल पर इसके प्रभाव के बारे में एक महत्वपूर्ण सुराग का पता चला और साथ ही इससे भविष्य में ऐसे तूफान कब आएंगे, इसका अनुमान लगाया जा सकेगा. अध्ययन की अगुआई करने वाले हेलसिंकी विश्वविद्यालय के क्रोनोलॉजी लैबोरेटरी के निदेशक, मार्ककु ओइनोनेन ने बताया कि रेडियोकार्बन एक ब्रह्मांडीय मार्कर की तरह है जो पृथ्वी, सौर मंडल और बाहरी अंतरिक्ष से जुड़ी घटनाओं का वर्णन करता है.

- कहीं ये किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं

# अक्सर बनी रहती है थकान की समस्या?

दिनभर ऑफिस में काम करने, व्यायाम के बाद या फिर ज्यादा देर तक खड़े रहने-चलने के बाद थकान होना सामान्य है। शरीर में ऊर्जा की कमी के कारण इस तरह की दिक्कत होती है, पर क्या आपको अक्सर ही थकान-कमजोरी बनी रहती है? इतना ही नहीं आराम करने के बाद या सुबह बिस्तर से उठने के बाद भी थकान का अनुभव होता रहता है? अगर हां, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। ये शरीर में कुछ प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत भी हो सकता है, जिसपर समय रहते ध्यान दिया जाना जरूरी हो जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अक्सर थकान-कमजोरी बने रहना कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों में होने वाला सामान्य लक्षण है। कुछ स्थितियों में ऐसी दिक्कतें लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण भी हो सकती हैं। इसलिए अगर आपको अक्सर ही थकान रहती है तो डॉक्टर से मिलकर समस्या का सही निदान और उपचार करना बहुत आवश्यक हो जाता है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

नोएडा स्थित अस्पताल में इंटेंसिव केयर के डॉक्टर निरंजन भार्गव बताते हैं, यदि आप अत्यधिक थकान महसूस करते रहते हैं या अक्सर ऊर्जा की कमी महसूस होती रहती है, तो आप अकेले नहीं हैं। थकान की दिक्कत कुछ साधारण कारकों जैसे नींद की कमी या सर्दी-फ्लू के कारण हो सकती है। वहीं कुछ अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियों में भी लोग इस तरह की शिकायत करते रहते हैं।

आध्यात्मिक एवं ध्यान गुरु अर्चिका सुधांशु कहती हैं, शरीर को आराम देने के लिए हम सभी को



विश्राम करने का तरीका सीखने की आवश्यकता है। विश्राम तकनीक में मांसपेशियों और दिमाग को आराम महसूस कराने पर ध्यान दिया जाता है। विश्राम का अर्थ केवल स्थिर बैठ कर मांसपेशियों को आराम देना ही नहीं है, अपितु श्वांस तकनीक के सहारे मस्तिष्क को शांत करना भी है। आइए जानते हैं कि किन कारणों से आपको आराम करने के बाद या बिना मेहनत के भी थकान की दिक्कत होती रह सकती है?

### नींद विकारों का संकेत

पर्याप्त नींद लेना संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। दुर्भाग्य से, हममें से बहुतों के लिए ये काफी कठिन होता जा रहा है। नींद के दौरान हमारा शरीर कुछ प्रकार के हार्मोन्स उत्पादित करता है जो कोशिकाओं की मरम्मत और उन्हें पुनर्जीवित करने, मस्तिष्क को शांति दिलाने में मदद करती हैं। यही कारण है कि सुबह उठने के बाद हम तरोताजा महसूस करते हैं।

हालांकि जिन लोगों को नींद न आने की समस्या जैसे अनिद्रा या स्लीप एपनिया की दिक्कत है उन्हें सोकर उठने पर भी थकान बनी रहती है।

### तनाव-मानसिक स्वास्थ्य की समस्या

नींद न पूरी होने का मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर हो सकता है। ये तनाव-चिंता और अवसाद के जोखिमों को बढ़ा देती है। तनाव की समस्या वाले लोगों में थकान-कमजोरी के साथ कई और तरह की दिक्कतें भी हो सकती हैं। वास्तव में, क्रोनिक तनाव की समस्या और इसके कारण बनी रहने वाली थकावट गंभीर दिक्कत है जिसपर समय रहते ध्यान देना और उपचार प्राप्त करना जरूरी हो जाता है। तनाव पर ध्यान न देने की स्थिति में डिप्रेशन जैसी गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का भी जोखिम हो सकता है।

# मल्टीग्रेन चीला

खाना-खजाना

सुबह का नाश्ता हमें हेल्दी और दिनभर एनर्जी से भरपूर रखने में मदद करता है। इसके लिए जरूरी है कि सुबह कुछ हेल्दी लेकिन टेस्टी ब्रेकफास्ट किया जाए, ताकि दिनभर काम करने की एनर्जी मिल सके। अगर आप भी कुछ ऐसा भी ऑप्शन तलाश रहे हैं, तो इस बार मल्टीग्रेन चीला ट्राई कर सकते हैं।

**सामग्री :**

- 2 बड़े चम्मच रागी का आटा
- 2 बड़े चम्मच बेसन
- 2 बड़े चम्मच ओट्स
- 2 बड़े चम्मच सूजी
- 1 बड़ा चम्मच प्याज
- 1 बारीक कटी हरी मिर्च
- 1 बड़ा बारीक कटी चम्मच गाजर
- 1/2 इंच अदरक
- 1 बड़ी बारीक कटी शिमला मिर्च
- 2 बड़े चम्मच तेल

**विधि :**

एक मिक्सर जार में दो बड़े चम्मच बेसन, दो बड़े चम्मच रागी का आटा, दो बड़े चम्मच ओट्स, सूजी और दही लें। इसमें आधा इंच अदरक का टुकड़ा डालें, दो कटी हुई हरी मिर्च डालें और डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। थोड़ा-सा पानी डालकर स्मूद बैटर बना लें।

बैटर को एक बाउल में निकाल लें और अगर बैटर गाढ़ा लग रहा है तो इसमें पानी डालकर गाढ़ापन सेट कर लें। बैटर में स्वादानुसार नमक और मसाले मिला लीजिए। अब इसमें बारीक कटी प्याज, गाजर, शिमला मिर्च डालकर अच्छे से मिलाएं। एक नॉनस्टिक पैन गर्म करें और उस पर थोड़ा सा तेल फैलाएं। एक कलछी भर घोल लीजिए और इसे तवे पर गोलाकार आकार में फैला दीजिए।



जब चीला एक तरफ से पक जाए तो इसे पलट दीजिए और दूसरी तरफ से भी सेंक लीजिए।

आप इस मल्टीग्रेन चीले को पुदीने की चटनी या अपने पसंद के डिप के साथ खा सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें।

**वृषभ :** आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन :** मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। संतान पर ध्यान दें।

**कर्क :** उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बढ़ेगा। पुराने मित्र-संबंधी मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक तंगी रहेगी। व्यापार में हानि हो सकती है।

**सिंह :** राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम बिलकुल न लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी। वस्तुएँ क्रय करेंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें।

**कन्या :** फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें। धैर्य रखें। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें। व्यापार में सफलता मिलेगी।

**तुला :** रुका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योग शुभ हैं। यात्रा से लाभ हो सकता है। सुसंगति से लाभ होगा।

**वृश्चिक :** योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा।

**धनु :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। कार्यसिद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। क्रोध पर संयम आवश्यक है। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। धर्म में रुचि बढ़ेगी। योजना से लाभ होगा।

**मकर :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे। संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी।

**कुंभ :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रुभय रहेगा। लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। अनावश्यक विवाद होगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

**मीन :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कश्मकश दूर होगी। स्वजनों से भेंट होगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# हिचकी आने पर क्या आप भी करते हैं ये गलतियां?

अक्सर हिचकी हुई नहीं कि सब पानी पीने की सलाह देने लगते हैं. कई बार लोग जीभ पर नमक डालकर रहने कहते हैं तो कोई कहता है कि अपने पैर की छोटी उंगली को पकड़कर कुछ देर बैठ जाओ. लेकिन क्या ऐसा करने से वाकई हिचकी रुक जाती है? दरअसल ये गले के अंदर एक खास तरह के मसल्स के मूवमेंट की वजह से शुरू होती है और जिस पर हमारा कंट्रोल बिल्कुल नहीं होता है. मायोक्लीनिक के मुताबिक, दरअसल, गले के नीचे एक मसल्स होता है जिसे डायाफ्राम कहा जाता है. यह छाती एरिया को पेट के एरिया से अलग करने का काम करता है जो सांस लेने में मदद करता है. इसमें जब एकाएक ऐंठन होती है और वोकल कॉड अचानक से बंद होता है, इस तरह हिचक की आवाज आने लगती है.



### कब होती है हिचकी

आमतौर पर अधिक मात्रा में खा लेने, अल्कोहल या कार्बोनेटेड ड्रिंक पीने या अचानक उत्तेजित होने, तापमान में अचानक बदलाव, इमोशनल स्ट्रेस आदि होने से हिचकी आ सकती है. कुछ मामलों में, हिचकी किसी हेल्थ की समस्या की वजह से भी हो सकती है.

### कब हो जाता है खतरनाक

अगर आपकी हिचकी मिनटों में या घंटों बाद खत्म हो जाती है तो ये सामान्य परेशानी है. लेकिन अगर ये 48 घंटे यानी कि दो दिनों तक होती रहे तो नर्वस सिस्टम डैमेज होने, मेटाबॉलिक इश्यू जैसी समस्याएं हो सकती हैं. ऐसे में तुरंत डॉक्टर के पास जाना जरूरी होता है. इसकी वजह से अगर खाने, सोने या सांस लेने में परेशानी हो रही है तो भी ये खतरनाक हो सकता है.

### हिचकी होने पर न करें ये गलतियां

- हिचकी होने पर गर्म, फिजी या अल्कोहल वाली चीजें पीने से बचें.
- हिचकी हो तो च्विंगम न खाएं या स्मोक करने से बचें. यह गले में जा सकता है.
- स्पाइसी फूड का सेवन ना करें.
- खाना जल्दी जल्दी न खाएं.
- ऐसा होने पर गर्म के बाद तुरंत ठंडी चीज न खाएं पियें.

### हिचकी होने पर करें ये काम

- कुछ देर सांस को रोक कर रखें.
- नींबू को अपनी दांतों से काटें या विनेगर चखें.
- दाने वाली चीनी मुंह में रख लें और निगल लें.
- बर्फ वाला पानी पियें.
- घुटने को अपने छाती के पास लाएं और इसी तरह लेट जाएं.
- पेपर बैग के अंदर मुंह रखें और सांस लें. पूरा सिर बैग में ना रखें.

# क्या होती है वाटर टॉक्सिसिटी की समस्या, जानिए हेल्थ के



हेल्दी रहने के लिए पानी बहुत जरूरी है। इसलिए रोजाना पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी जाती है। एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि रोजाना कम से कम 2 से 3 लीटर पानी पीना चाहिए। लेकिन क्या आपको पता है कि बहुत ज्यादा पानी भी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। अगर गलत तरीके से पानी पिते हैं तो ये आपके लिअ समस्या खड़ी कर सकता है। कम समय में बहुत पानी पीने से वाटर टॉक्सिसिटी की समस्या हो सकती है। यहां देखिए क्या है ये समस्या और एक दिन में कितना पानी सही है।

### क्या होती है वॉटर टॉक्सिसिटी

इसे वाटर इनटॉक्सिकेशन या फिर वाटर पॉइजनिंग भी कहा जाता है। यह एक ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब ज्यादा पानी पीने से ब्लड में सोडियम का लेवल खतरनाक रूप से कम हो जाता है। ऐसे में अगर तुरंत पहचान कर इलाज न किया जाए तो इसकी वजह से समस्या हो सकती है। सोडियम शरीर की कोशिकाओं में और उसके आसपास लिक्विड का संतुलन बनाए रखने में जरूरी होता है। जब कम समय में बहुत ज्यादा पानी पिया जाता है, तो ब्लड में सोडियम का लेवल पतला हो जाता है। इससे इलेक्ट्रोलाइट्स असंतुलन की समस्या हो जाती है, जिससे कोशिकाओं, में सूजन हो सकती है।

### कितना पानी है सही

रिपोर्ट्स की मानें तो एक व्यक्ति को दिन भर में कम से कम 1.2 से 1.5 लीटर पानी पीना चाहिए, और हाई प्रोटीन डायट लेने वाले लोगों को दिनभर में 2.5 से 3 लीटर पानी पीना चाहिए। जो व्यक्ति नियमित रूप से कसरत करते हैं, उन्हें कसरत से पहले, दौरान और बाद में सही मात्रा में पानी पीना चाहिए क्योंकि एक्टिव होने पर शरीर ज्यादा लिक्विड खो देता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### झोपड़ी में आग लगने से जिंदा जला चार साल का मासूम, शॉर्ट सर्किट से ये दर्दनाक हादसा

**देवरिया.** देवरिया जिले में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में ननिहाल आये 4 साल के मासूम की जलकर मौत हो गई। ये हादसा झोपड़ी के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से हुआ। इसके अलावा चार रिहायशी झोपड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं। इससे घर में रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। ये घटना बनकटा थाना क्षेत्र के पकड़ी नरहिया हरिजन बस्ती का है। दूधनाथ प्रसाद का टिनशेड और झोपड़ी का घर है। परिजनों के मुताबिक झोपड़ी के ऊपर से गुजरे बिजली के तार में हुए शॉर्ट सर्किट के चलते झोपड़ी में आग लग गई।

### डायबिटीज से परेशान 14 साल के बच्चे ने की खुदकुशी, दो दिन पहले हो गया था चिकनपॉक्स

**कानपुर.** कानपुर के चकेरी में सीओडी कर्मी के 14 वर्षीय बेटे ने शनिवार तड़के फांसी लगाकर जान दे दी। पिता साहबलाल के मुताबिक उनका बेटा नमन डायबिटीज से पीड़ित था। दो दिन पहले उसे चिकनपॉक्स हो गया था। असहनीय जलन और पीड़ा से परेशान होकर उसने जान दे दी। नमन का बीती दो अप्रैल को जन्मदिन था। मूलरूप से रायबरेली के सलोन निवासी साहबलाल चकेरी के केआर पुरम में परिवार संग रहते हैं। वह सीओडी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। परिवार में पत्नी रीता और बेटे कपिल, नमन और बेटी मिष्ठी हैं। शनिवार तड़के साहबलाल के मंझले बेटे नमन ने मां की साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी।

### लखीमपुर में बाघ ने फिर फैलाई दहशत

**लखीमपुर खीरी.** लखीमपुर खीरी में एक बार फिर बाघ की दहशत फैल गई है। बाघ ने रविवार की सुबह-सुबह खेत में काम कर रहे युवकों पर हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया। बाघ का ये हमला लखीमपुर खीरी के हैदराबाद थाना क्षेत्र के वन रेंज गोला के कोरैया गांव में हुआ। हमले के बाद दोनों घायल युवकों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उधर, गन्ने के खेत में बाघ के छिपे होने की आशंका पर गांववालों ने खेत को घेर रखा है। मिली जानकारी के अनुसार वन रेंज गोला और थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव कोरैया के 35 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र गिरजा शंकर अपने गांव के ही 28 वर्षीय कमलेश पुत्र नंदलाल के साथ खेत पर काम करने गए थे।

### पिता ने गोली मारकर की बेटी की हत्या, पुलिस ने जलती चिता से निकवाई लाश

**एटा.** यूपी के एटा में शनिवार की शाम एक पिता ने अपनी ही बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसमें लड़की के भाई ने भी पिता का साथ दिया। गोली लगने के बाद परिवारीजन रक्त रंजित लड़की को अस्पताल ले गए थे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवारीजन, पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जलती चिता से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने पिता और भाई के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। चिता से पुलिस को लड़के शव में सिर्फ धड़ और सिर का हिस्सा ही मिल पाया। मामला एटा के थाना नयागांव क्षेत्र के गाही गांव का है। आरोपी महेन्द्र की 20 वर्षीय बेटी सपना शनिवार की शाम अपने घर पर ही थी। आरोप है कि पिता और भाई ने उसके पेट में गोली मार दी।

# बीजेपी कर रही दनादन प्रचार, INDIA गठबंधन की बड़ी रैली का इंतजार



**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को होनी है। ऐसे में राजनीतिक दलों के लिए प्रचार के लिए सिर्फ 10 दिनों का समय रह गया है। इसके बावजूद विपक्षी दलों को साथ लेकर बनी इंडिया गठबंधन की अब तक कोई बड़ी रैली नहीं हुई है। और ना ही अभी तक कोई योजना भी सामने नहीं आई है। गठबंधन की रैली तो दूर की बात, इसमें शामिल दलों के प्रमुख नेता भी क्षेत्र से नदारद दिख रहे हैं। पश्चिमी यूपी में खासकर ऐसा ही माहौल दिख रहा है।

वहीं, अगर हम 'अबकी बार, 400 पार' का नारा देने वाली भारतीय जनता पार्टी (BJP) की बात करें तो वह इस मामले में काफी आगे दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने कल गाजियाबाद में रोड शो किया। आज वह सुबह-सुबह बिहार में रैली के लिए पहुंचे। इसके बाद वह पश्चिम बंगाल का भी दौरा करने वाले हैं। बीजेपी के कैंपेन की जिम्मेदारी अपने मजबूत कंधों पर लेकर पीएम मोदी लगभग हर दिन किसी न किसी राज्य में रैली कर रहे हैं। एक दिन में तो वह तीन-तीन जगहों पर जनसभाओं को संबोधित करते नजर आ रहे हैं।

#### चुनाव प्रचार से माया-अखिलेश दूर

समजावादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव बीते 8 दिनों में सिर्फ दो मौकों पर सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए दिखे थे। उन्होंने हाल में लखनऊ में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया था। इससे पहले वह केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई इंडिया गठबंधन की रैली में दिखे थे।यूपी में बीजेपी के बाद सबसे अधिक सांसदों वाली बीएसपी का हाल इससे भी बुरा है।

#### ■ पीएम की रैली में NDA की एकजुटता

प्रधानमंत्री मोदी की रैली में एनडीए की एकजुटता भी नजर आती है। उनके साथ एनडीए में शामिल घटक दल के नेता भी मंच साझा कर रहे हैं। चाहे बिहार में मनीतीश कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, चिराग पासवान और जीतन राम मांझी की पार्टी के नेता हों, पीएम मोदी के साथ बिहार में होने वाली हर रैली में दिखते हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में हाल ही में एनडीए में शामिल जयंत चौधरी ने भी पीएम मोदी के साथ मंच साझा किया था। नरेंद्र मोदी के अलावा, बीजेपी के की दिग्गज नेता आज कल चुनावी सभाओं को संभोधित कर रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, जेपी नड्डा सहित भाजपा के तमाम बड़े नेता हर दिन किसी न किसी राज्य में रैलियों को संबोधित कर रहे हैं।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ सामूहिक उपवास




#### ■ जंतर-मंतर पर जुटे दिल्ली के मंत्री
#### ■ भाजपा ने केजरीवाल के भ्रष्टाचार का मॉडल दिखाया

**नई दिल्ली.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी (AAP) नेताओं ने रविवार को देशभर में सामूहिक उपवास शुरू किया। पार्टी के बड़े नेता दिल्ली के जंतर-मंतर पर सुबह उपवास के लिए पहुंचे।


आम आदमी पार्टी की मांग है कि शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। उन्हें ED ने झूठे मुकदमे में फंसाया है। पार्टी ने X पर पोस्ट में कहा- तानाशाही के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। आओ मिलकर देश के बेटे के लिए आवाज उठाएं।

इससे पहले AAP ने 26 मार्च को भी देशभर में प्रदर्शन किया था। दिल्ली में पार्टी कार्यकर्ता पीएम आवास का घेराव करने भी निकले थे, लेकिन उन्हें रास्ते में रोककर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी नेताओं ने 'शराब से शीश महल' अभियान के तहत AAP के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने केजरीवाल के घर का मॉडल रखा और कहा कि ये दिल्ली के CM के भ्रष्टाचार का मॉडल है। इसके अलावा पार्टी ने शराब के बोतल के एक कटआउट पर संजय सिंह की तस्वीर दिखाकर प्रदर्शन किया।

# पाकिस्तान क्रिकेटरों की आर्मी की ट्रेनिंग

#### ■ खिलाड़ी सेना के जवान से स्नाइपर शूटिंग की ट्रेनिंग लेते दिखे




सोशल मीडिया पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में पाक क्रिकेटर्स आर्मी से ट्रेनिंग लेते नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक पाकिस्तानी खिलाड़ी सेना के जवान से स्नाइपर शूटिंग की ट्रेनिंग ले रहा है। कुछ खिलाड़ी अन्य लोगों को पीठ पर उठाकर दौड़ने की प्रैक्टिस करते नजर आ रहे हैं। ये वीडियो कहां का है अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

इससे पहले 31 मार्च को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने सोशल मीडिया हेंडल एक्स पर एक वीडियो शेयर किया था जिसमें पाकिस्तान की क्रिकेट टीम सेना के साथ ट्रेनिंग करते नजर आ रही थी। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले पीसीबी ने टीम की फिटनेस को बढ़ाने के लिए ये फैसला लिया था।

# हिंदू विवाह के लिए कानूनन कन्यादान की रस्म जरूरी नहीं

#### ■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ऐसा क्यों कहा



**प्रयागराज.** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान की रस्म आवश्यक नहीं है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह के आवश्यक समारोह के रूप में केवल सप्तपदी प्रदान करती है। अदालत ने कहा कि गवाहों को वापस बुलाने का कोई आधार नहीं है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने गवाहों को फिर तलब करने की पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी।

आशुतोष यादव नामक एक व्यक्ति की पुनरीक्षण याचिका डाली थी। इस याचिका में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लखनऊ के एक आदेश को चुनौती दी गई थी। दो गवाहों को बुलाने के लिए दायर पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया गया था। ट्रायल कोर्ट ने पुनरीक्षणकर्ता के तर्क को दर्ज किया कि अभियोजन पक्ष द्वारा दायर विवाह प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया है कि विवाह फरवरी 2015 में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ था, जिसके अनुसार, कन्यादान एक आवश्यक अनुष्ठान है।

अदालत ने देखा कि आक्षेपित आदेश में, ट्रायल कोर्ट ने पुनरीक्षणकर्ता के तर्क को दर्ज किया था कि अभियोजन पक्ष द्वारा दायर विवाह प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया था कि विवाह हिंदू रीति-रिवाजों और रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ था, हालांकि, कन्यादान समारोह के तथ्य को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है इसलिए दोबारा जांच की जरूरत पड़ी।

उच्च न्यायालय ने कहा कि धारा 311, सीआरपीसी अदालत को मामले के न्यायसंगत निर्णय के लिए आवश्यक होने पर किसी भी गवाह को बुलाने का अधिकार देती है, हालांकि, वर्तमान मामले में, ऐसा प्रतीत होता है कि गवाहों की जांच केवल यह साबित करने के लिए की जा रही थी कि क्या कन्यादान की रस्म निभाई गई या नहीं। कोर्ट ने कहा कि कन्यादान की रस्म निभाई गई थी या नहीं, यह मामले के उचित फैसले के लिए जरूरी नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि 'इसलिए, इस तथ्य को साबित करने के लिए किसी गवाह को सीआरपीसी की धारा 311 के तहत नहीं बुलाया जा सकता है।

# पहली बार उत्तराखंड के 24 गांवों में नहीं पड़ेंगे वोट

#### ■ निर्जन होते जा रहे गांव



**देहरादून.** भारत की आजादी के बाद देश में हुए 16 लोकसभा चुनावों में भागीदारी करने वाले 24 गांवों में इस बार वोट नहीं पड़ेंगे। चुनाव में वोट नहीं पड़ने की वजह से आपको जरूर हैरान करेगी। पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तराखंड में इन गांवों को निर्जन घोषित किया गया है।

यानी इन गांवों में अब कोई नहीं रहता है। ये गांव अल्मोड़ा, टिहरी, चम्पावत, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़ और चमोली जिले के हैं। पलायन आयोग की दूसरी रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 2023 में जारी हुई थी। जिसमें बताया गया था कि 2018 से 2022 तक उत्तराखंड की 6436 ग्राम पंचायतों में अस्थायी पलायन हुआ।

तीन लाख से अधिक लोग रोजगार के लिए अपने गांव छोड़कर बाहर चले गए। हालांकि, इन लोगों का बीच-बीच गांव आना जारी है। वहीं, इस अवधि में राज्य की 2067 ग्राम पंचायतों में स्थायी पलायन भी हुआ। लोग रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य की तलाश में अपने गांव से गए और कभी वापस नहीं लौटे।

कई लोग अपनी पुस्तैनी जमीनें बेच गए तो कई लोग भूमि बंजर छोड़कर चले गए। सर्वाधिक 80 ग्राम पंचायतें अल्मोड़ा जिले में स्थायी पलायन से वीरान हो गईं। आयोग की इस रिपोर्ट में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि 2018 से 2022 तक प्रदेश के 24 गांव/तोक पूर्ण रूप ये आबादी रहित हो गए।

ऐसे में इन खाली गांवों में इस बार लोकसभा चुनाव की रौनक नहीं दिखेगी। खाली गांवों में न तो पोलिंग बूथ बनेंगे और न ही प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए कदम रखना पसंद करेंगे।

शहरों की तरफ बढ़ गए गांवों के 28 हजार वोटर

आयोग के अनुसार प्रदेश में 2018 से 22 तक जिन 2067 ग्राम पंचायतों में स्थायी पलायन हुआ, उनमें रहने 28531 लोग जिला मुख्यालयों या फिर दूसरे जिलों में चले गए। पलायन करने वालों में से सर्वाधिक 35.47 प्रतिशत लोग नजदीकी कस्बों में गए। जबकि 23.61 लोग दूसरे जिलों व 21.08 प्रतिशत लोग राज्य से बाहर चले गए। इसके अलावा 17.86 लोग जिला मुख्यालयों में जाकर रहने लगे।

#### निर्जन हुए गांव

| जिला | निर्जन गांव |
|---|---|
| टिहरी गढ़वाल | 09 |
| चम्पावत | 05 |
| पौड़ी गढ़वाल | 03 |
| पिथौरागढ़ | 03 |
| अल्मोड़ा | 02 |
| चमोली | 02 |

# राहुल बोले- हर गरीब महिला को सालाना 1 लाख देंगे



**हैदराबाद.** राहुल गांधी ने शनिवार 6 अप्रैल को हैदराबाद में सभा की। उन्होंने कहा मोदी सरकार के आने के बाद लोग फिर से गरीबी में घुस गए हैं। इसलिए हम नारी न्याय कानून लाएंगे, जिसमें हर गरीब परिवार की महिला के बैंक अकाउंट में साल में एक लाख रुपए डाले जाएंगे। ये क्रांतिकारी योजना है, जो देश का चेहरा बदल देगी।

आप सोचिए, हिंदुस्तान के सबसे गरीब परिवारों को कम से कम एक लाख रुपया कांग्रेस पार्टी की सरकार देने जा रही है। इसका मतलब ये हुआ कि हिंदुस्तान में कोई भी परिवार ऐसा नहीं होगा, जिसकी आदमी एक लाख रुपए साल नहीं होगी।

राहुल ने ये भी कहा कि NDA सरकार आने के बाद 30 किसान रोज आत्महत्या कर रहे हैं। पीएम मोदी ने 16 लाख करोड़ का लोन देश के अमीरों को दे दिया है। किसानों का एक रुपए का भी कर्ज माफ नहीं किया गया।

#### पिछले मुख्यमंत्री ने हजारों लोगों के फोन टैप

राहुल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- आप सभी को पता है कि तेलंगाना में पिछले मुख्यमंत्री ने कैसे सरकार चलाई। उन्होंने हजारों लोगों के फोन टैप किए, इंटेलिजेंस-टैक्स एजेंसियों और पुलिस का गलत इस्तेमाल किया।

राहुल ने कहा कि पिछले मुख्यमंत्री ने लोगों को डरा-धमकाकर सरकार चलाई थी और आपसे आपका धन छीना था। आज तेलंगाना में कार्रवाई जारी है और सच्चाई आपके सामने है।

राहुल ने कहा कि आज हम कांग्रेस पार्टी का मैनिफेस्टो लांच करने आए हैं। तेलंगाना में हमने गारंटी दी थी, वो जनता के दिल की आवाज थी। वही काम अब हम राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं। 500 रुपए में सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, फ्री बस यात्रा, गृह लक्ष्मी योजना आज तेलंगाना के सभी लोग जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी अपने वादे पूरा कर रही है।

### राज्यसभा चुनाव हारने के 40 दिन बाद हाईकोर्ट पहुंचे सिंघवी

**शिमला.** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा चुनाव हारने के करीब 40 दिन बाद कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार 6 अप्रैल को हाईकोर्ट में याचिका दायर की। सिंघवी ने ड्रॉ के जरिए विजेता घोषित करने के चुनाव अधिकारी के फैसले को चुनौती दी है।

27 फरवरी को हुए चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को ड्रॉ ऑफ लॉट्स नियम के चलते विजेता घोषित किया गया था। हर्ष और सिंघवी दोनों को 34-34 वोट मिले थे।

सिंघवी ने हिमाचल प्रदेश में अपनी याचिका दायर करने के बाद कहा, ऐसा कोई कानून, नियम नहीं कहता कि जिस व्यक्ति का नाम लॉटरी में निकला हो और वह हार जाए।

# IPL में राजस्थान की लगातार चौथी जीत



#### ■ लगातार तीसरा मैच हारी बेंगलुरु,
#### ■ बटलर की संेचुरी कोहली के शतक पर भारी

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (IPL) में अपना विजय अभियान जारी रखा है। टीम ने मौजूदा सीजन के 19वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया। यह राजस्थान की इस सीजन में लगातार चौथी जीत है, जबकि बेंगलुरु ने लगातार तीसरा मुकाबला गंवाया है। यह बेंगलुरु की चौथी हार है।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शनिवार को राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 3 विकेट 183 रन बनाए। राजस्थान ने 19.1 ओवर में 4 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। जोस बटलर मैन ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 58 बॉल पर नाबाद 100 रन बनाए। जोस की पारी में 9 चौके और 4 छक्के शामिल रहे।

RCB से विराट कोहली ने सीजन की पहली सेंचुरी लगाई, उन्होंने 73 बॉल पर 113 रन बनाए। कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 33 बॉल पर 44 रन का योगदान दिया। युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए।

राजस्थान की ओर से रन चेज में जोस बटलर ने शतक जमाया। उन्होंने पारी का आखिरी ओवर डालने आए कैमरन ग्रीन की पहली बॉल पर छक्का जमाते हुए टीम को जीत दिलाई और 58 बॉल पर शतक भी पूरा किया। कप्तान संजू सैमसन ने 69 रन बनाए। रीस टॉप्ली ने 2 विकेट झटके।

### IPL-2024 में मुंबई की पहली जीत

मुंबई इंडियंस (MI) ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (IPL) में पहली जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 20वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (DC) को 29 रन से हराया।

वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को डबल हेडर के पहले मुकाबले में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 234 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन ही बना सकी। मुंबई की पारी के आखिरी ओवर में 32 रन बने। रोमारियो शेफर्ड ने एनरिक नॉर्त्या की सभी 6 बॉल पर बाउंड्री जमाई। इनमें 4 छक्के और 2 चौके शामिल रहे। शेफर्ड ने 10 बॉल पर 39 और टिम डेविड ने 21 बॉल पर 45 रन बनाए।

# एलेक्सा से बंदरों को भगाया

#### ■ महिंद्रा ने जॉब ऑफर की

**नई दिल्ली.** महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने 13 साल की बच्ची को नौकरी की पेशकश की है। इस बच्ची ने 'एलेक्सा' (Alexa) की मदद लेकर खुद को और अपनी भतीजी को बंदर के हमले से बचाया था। आनंद महिंद्रा ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट X के जरिए बच्ची की क्विक थिंकिंग की सराहना करते हुए जॉब ऑफर की है।

#### महिंद्रा ने बच्ची की क्विक थिंकिंग की सराहना की

आनंद महिंद्रा ने अपने X पर लिखा, ₹हमारे युग का पहला सवाल यही है कि क्या हम टेक्नोलॉजी के गुलाम हो जाते हैं या फिर उसका सही इस्तेमाल कर पाते हैं। इस बच्ची की कहानी एक सुकून देती है कि टेक्नोलॉजी हमेशा ह्यूमन टैलेंट को बढ़ावा देने वाली रहेगी। बच्ची की त्वरित सोच असाधारण थी। उसने दिखा दिया कि आज की अचानक बदलती हुई दुनिया में उसमें गजब की लीडरशिप क्षमता है। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद यदि वह कॉरपोरेट वर्ल्ड में आना चाहती है तो मैं उम्मीद करता हूं कि @MahindraRise में हम उसे हमारे साथ जुड़ने के लिए मना पाएंगे।₹

#### कमरे में घुस आए थे बंदर

उत्तर प्रदेश के बस्ती में आवास विकास कॉलोनी में शिप्रा ओझा की छोटी बहन निकिता ने 15 महीने की भतीजी वमिका को बचाया था। निकिता और वामिका शुक्रवार को घर में सोफे पर खेल रही थीं। निकिता ने बताया, ₹घर पर गेस्ट आए थे, जिनके जाने के बाद मेन गेट खुला छूट गया था। उसी समय बंदरों का झुंड अंदर घुस आया। मैंने बंदरों को भगाना चाहा, तो वो मेरी तरफ दौड़ पड़े। मैं वामिका की जान बचाने के लिए उसे लेकर चिल्लाते हुए भागी।

तभी मेरी नजर फ्रिज पर रखे alexa डिवाइस पर पड़ी। मैंने तुरंत कहा- Alexa कुत्ते के भौंकने वाली आवाज निकालो। वॉइस कमांड पाते ही Alexa कुत्ते की तरह तेज आवाज करने लगा। जिसे सुनकर बंदर डर गए और बालकनी से होते हुए छत की तरफ भाग गए। हम लोगों की जान बच गई।

# केदारनाथ-गंगोत्री उत्तराखंड चारधाम यात्रा

### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आज से

**देहरादून.** उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बड़ा अपडेट सामने आया है। यूपी, राजस्थान, दिल्ली-NCR, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों से केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों पर जाने वाले यात्री अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे।

चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को आठ अप्रैल 2024 से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू होने जा रही है। आपको बता दें कि कि सरकार की ओर से किसी भी यात्री को पंजीकरण के बिना चार धाम पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ऐसे में चार धाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए यह जरूरी है कि यात्रा पर जाने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करवा लें। चारधाम के लिए पर्यटन विभाग ने पंजीकरण के लिए तैयारी पूरी कर ली हैं। इस बार पंजीकरण के बाद पर्ची पर यात्रियों को आवश्यक मोबाइल नंबर भी मिलेंगे।

चारधाम ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में मैनुअल पंजीकरण के लिए संबंधित एजेंसी ने सेटअप लगाने में जुट गई है। पंजीकरण प्रारंभ करने के लिए उसे पर्यटन महकमे के आदेश का इंतजार है। इससे पहले ही आवश्यक कार्यों को एजेंसी के कर्मचारी पूरा करने में लगे हैं।

एजेंसी से जुड़े प्रेमाअनंत ने बताया कि सरकार इसी माह अगले सप्ताह यात्रियों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ करने जा रही है। इसमें यात्रियों को ऑनलाइन के साथ मैनुअल रजिस्ट्रेशन की सुविधा है। लेकिन आठ अप्रैल से पहले ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर का स्लीपर सेल एक्टिव

### कश्मीर में छिपा लश्कर कमांडर; चुनावी रैलियों पर हमले की फिराक में

#### ■ कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर

**नई दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर में चुनावों से पहले माहौल बिगाड़ने और आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान से जुड़े आतंकी संगठन साजिश रच रहे हैं। इस मंसूबे को लेकर लश्कर-ए-तैयबा कमांडर जुनैद अहमद बट कुलगाम में छिपा है। भारतीय खुफिया एजेंसियों को पता लगा है कि आने के बाद उसने स्लीपर सेल के गुर्गों के साथ बैठक भी की है।

सूत्रों के मुताबिक एजेंसियों ने हाल ही में एक सैटेलाइट फोन से हो रही बातचीत को इंटरसेप्ट किया था। इससे पता चला कि कश्मीर पहुंच चुके जुनैद ने अपनी स्लीपर सेल से जुड़े गुर्गों को 31 मार्च को कुलगाम के गांव नौबल में आतंकी के घर बुलाया था। तब बड़े बगीचे में स्लीपर सेल से जुड़े 6 लोग मौजूद थे। हालांकि उनकी पहचान नहीं हो सकी। इस मीटिंग की सूचना गृह मंत्रालय को दी गई है। इसके बाद कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर दिया गया है। भाजपा नेताओं की रैलियों पर खतरा ज्यादा, सुरक्षा बढ़ाई गई



सूत्र का कहना है कि खुफिया एजेंसियों को यह भी पता चता है कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी ने स्लीपर सेल को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी रैलियों पर हमले की योजना बनाई है। कश्मीर में विशेष रूप से भाजपा की रैलियों को निशाना बनाए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। जिसके बाद से कुलगाम और इसके आस-पास होने वाली चुनावी रैलियों के लिए खासतौर पर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बरतने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय के निर्देश पर कश्मीर पुलिस, BSF और NIA की टीमें मिलकर लश्कर आतंकी जुनैद अहमद व उसके साथियों की तलाश कर रही है। इनपुट पर BSF के जवानों ने नौबल के आधा दर्जन संदिग्धों के घरों की तलाशी ली। आतंकी जुनैद व उसके साथी इससे पहले ही वहां से भाग निकले।


### आम सूचना

हम श्री दौलत लक्ष्मणदास थदाणी व श्री कुमार लक्ष्मणदास थदाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 306, 3रा माला, हीरा पैलेस, रुम नं. 3, बैरक नं. 50, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 15एआय017477800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कशिश डी. मंगवाणी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 3.4.2024 सी.नं. 159 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री दौलत लक्ष्मणदास थदाणी
व श्री कुमार लक्ष्मणदास थदाणी

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## संक्षेप...

### चलती कार में अचानक लगी आग



**ठाणे.** पाचपाखाडी से डोंबिवली जाते समय साकेत के पास मुंबई नाशिक महामार्ग पर एक चलती कार में आचालक आग लग गई. घटना के दौरान कार में कुल तीन लोग सवार थे. आग को देख तीनों लोग कार से बाहर निकल गये. इस आग में कार का इंजन जलकर क्षतिग्रस्त हो गया है. उक्त घटना की जानकारी मिलते ही ठाणे मनपा दमकल कर्मियों की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर आग को पूरी तरह से बुझा दिया.

# एकनाथ खडसे ने भाजपा में शामिल होने का किया एलान

■ कहा- अगले सप्ताह भाजपा में वापसी करुंगा



**मुंबई.** महाराष्ट्र की राजनीति में लगातार खींचतान जारी है। इस बीच, 40 साल पुराना तोड़ कर NCP में शामिल हुए एकनाथ खड़से एक बार फिर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। खड़से ने कहा कि शनिवार को कहा कि वे अगले सप्ताह अपनी मूल पार्टी में शामिल होंगे। खड़से करीब तीन साल पहले महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व के साथ मतभेद होने पर पार्टी छोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में चले गए थे। खडसे ने शनिवार को कहा कि वह अगले सप्ताह दिल्ली में अपनी मूल पार्टी में शामिल होंगे। पूर्ववर्ती देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्री रहे खडसे ने एक भूमि सौदे के मामले को लेकर 2016 में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। लंबे इंतजार के बाद शरद पवार की अगुवाई वाली अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अपना सदस्य बनाया था। खडसे ने कहा कि कुछ घटनाक्रमों को लेकर उन्हें पार्टी छोड़नी पड़ी थी।

वह इस समय राकांपा (शरदचंद्र पवार) के विधान परिषद सदस्य हैं। एक समय महाराष्ट्र में भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार रहे खडसे (71) ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मैं भाजपा में लौट रहा हूं। मैंने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से संपर्क किया और पार्टी में लौटने की इच्छा जताई। मैं अगले सप्ताह दिल्ली में औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो जाऊंगा।''

बहू के खिलाफ चुनाव लड़ने से मना किया

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार विधान परिषद सदस्य एकनाथ खडसे को रावेर सीट से उनकी ही बहू रक्षा खडसे के खिलाफ मैदान में उतारना चाहते थे, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। खडसे के आने से उत्तर महाराष्ट्र में भाजपा और मजबूत होगी, जबकि शरद पवार के लिए बड़ा झटका होगा।

# नपा ने ध्वस्त किया अंबरनाथ पश्चिम स्टेशन चौक का शौचालय

■ रेल प्रशासन बना रहा 12 मीटर चौड़ा पादचारी पुल

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा शहर पश्चिम में स्टेशन चौक पर स्काईवॉक के पास बनाया गया पांच सीटर शौचालय को नगर परिषद ने ही शुक्रवार रात को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया है. जानकारी मिली है कि रेल प्रशासन शहर पूर्व से पश्चिम को जोड़ने वाला एक 12 मीटर चौड़ा पादचारी पुल का निर्माण कर रहा है. शहर पूर्व में पुल निर्माण के लिए कार्य भी शुरू हो चुका है. ये पादचारी पुल के लिए पश्चिम में ये शौचालय अड़चन पैदा कर रहा था. रेल प्रशासन ने नपा को शिकायत करने के बाद इस शौचालय को शुक्रवार रात में ध्वस्त कर दिया गया. ये भी जानकारी मिली है कि हाल का पादचारी पुल कमजोर हो चुका है. एक वर्ष पूर्व ही उसे दुरुस्त किया गया है. अब उसके पास में ही एक नए पादचारी पुल का निर्माण किया जा रहा है, जिसका काम शहर पूर्व से रेल प्रशासन ने शुरू कर दिया है. ये पुल पश्चिम में उतारा जाएगा, ऐसी जानकारी मिली है. शौचालय के ध्वस्त करने के बाद रेलयात्रियों एवं शहरवासियों को शौच की परेशानी होगी. एक तो शहर में शौचालय नहीं के बराबर हैं. नए शौचालय बनाए जाने की मांग की जा रही है. ऊपर से नपा ने ही एक शौचालय को ध्वस्त कर दिया. सुनिल चौधरी ने कहा है कि शहर में पोर्टेबल शौचालय बिठाए जाएंगे.

# गणपत गायकवाड और उनके समर्थकों ने लिया सांसद शिंदे को समर्थन देने का निर्णय

■ जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी ने प्रेसवार्ता में किया ऐलान



**कल्याण.** कल्याण लोकसभा में जारी भाजपा और शिवसेना (शिंदे) के अंतर्गत विवाद पर आखिर विराम लग गया। रविवार को भाजपा विधायक गणपत गायकवाड के कार्यालय में पत्रकार परिषद के दौरान बीजेपी के कल्याण जिलाध्यक्ष नरेंद्र उर्फ नाना सूर्यवंशी ने साफ कर दिया कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा विधायक गणपत गायकवाड और उनके समर्थकों ने महायुती के प्रत्याशी सांसद डा.श्रीकांत शिंदे को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। गौरतलब हो कि भाजपा विधायक गणपत गायकवाड के समर्थकों ने शुक्रवार को एक बैठक कर सांसद श्रीकांत शिंदे का विरोध किया था। साथ ही कल्याण लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी को मैदान में उतारने की मांग किया था। अन्यथा श्रीकांत शिंदे का प्रचार नहीं करने का खुला ऐलान कर दिया था। इस खबर से शिवसेना शिंदे गुट और बीजेपी का आपसी विवाद खुलकर नजर आया। इस बीच बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने हस्तक्षेप कर विधायक गणपत के समर्थकों की नाराजगी दूर करने की कोशिश की। इसी विषय को लेकर पत्रकार परिषद में बीजेपी के जिलाध्यक्ष नरेंद्र उर्फ नाना सूर्यवंशी ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने जो भावना व्यक्त की थी उसे गलत नहीं कहा जा सकता, लेकिन नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महायुति ने राज्य में 45 प्लस सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य के तहत उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कल्याण लोकसभा से सांसद श्रीकांत शिंदे को फिर एक बार महायुती का प्रत्याशी घोषित किया है। इसलिए उप मुख्यमंत्री के इस निर्णय का हम सब स्वागत करते हैं।

### 3 बांग्लादेशी नागरिक सहित पांच गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई में पुलिस ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय ने क्षेत्र के नेरल और घनसोली में वांछित अभियुक्तों, गैंगेस्टर, हिस्ट्रीशीटर, संदिग्ध व्यक्तियों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान चलाया है। इसके तहत शनिवार को पुलिस ने नेरुल में बालाजी पहाड़ी इलाके की एक झुग्गी से मंगेश प्रकाश बोतले (32) को नौ हजार रुपये की कीमत के 874 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने सेक्टर-26 के दारवे गांव में समर्थ कृपा बिल्डिंग में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान जफर सलाम काजी, हवा बेगम जफर काजी, नजमुल सलाम काजी के रूप में की गई है। इस तलाशी अभियान में बोनी शंकर संलुखे दो साल के लिए तड़ीपार किए गए आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

# भिवंडी में RPF टिकट दलालों पर कस रही नकेल

■ 1 वर्ष में करीब 30 लाख दंड वसूल कर कोर्ट में जमा

उल्हास विकास संवाददाता




**भिवंडी.** भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन पर अपनी ड्यूटी निभाने में जुटी आरपीएफ रेल यात्रियों की सुरक्षा के साथ ही टिकट कालाबाजारी में संलिप्त सहित रेल कानून का उलंघन करने वाले अराजक तत्त्वों पर कड़ी कार्यवाही कर लाखों रुपए का आर्थिक दंड वसूल कर रेल खजाने में जमा किया.आरपीएफ वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वी.सी शुक्ला एवम सहायक आयुक्त टी.ए रामचंद्रन के कुशल मार्गदर्शन में आरपी एफ वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार गुर्जर की टीम भिवंडी रोड रेल स्टेशन की सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने की जिम्मेदारी बखूबी निभाते हुए यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आरक्षण खिड़की से टिकट दलालों को खदेड़ने में सफल हुए हैं जिससे यात्रियों में खुशी फैली है.

गौरतलब हो कि, भिवंडी पावरलूम नगरी के नाम से विश्व में विख्यात है.भिवंडी में दूरदराज शहरों से कपड़ा व्यापारियों का आवागमन एवम लाखों गरीब मजदूर सुदूर प्रांतों से रोजी रोजगार के लिए आते हैं.भिवंडी रोड रेल स्टेशन पर खुली आरक्षण खिड़की से यात्रियों को टिकट सुविधा मिलती है. कपड़ा नगरी के तमाम यात्रियों की सुविधा को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (मुंबई) वी.सी शुक्ला एवम सहायक सुरक्षा आयुक्त टी.ए रामचंद्रन के कुशल मार्गदर्शन में वरिष्ठ निरीक्षक प्रमोद कुमार गुर्जर की टीम में शामिल आरपीएफ एसआई प्रशांत चौहान, विकास पटेल, एएसआई अमरीश मावी,अनूप सिंह छायल, आरक्षक नंद कुमार, वैभव कोलगे, कुलदीप सिंह की जाबांज टीम द्वारा कर्तव्य निष्ठा से ड्यूटी का निर्वहन कर रेल यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए 2023 से मार्च 2024 की अवधि तक रेल अधिनियम 143 के तहत टिकट दलालों पर कड़क कार्यवाही कर टिकट कालाबाजारी के 24 मामलों का खुलासा करते हुए 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों तक पहुंचाया तथा करीब 26 लाख 65 हजार रुपए का राजस्व रेल तिजोरी में जमा किया गया. आरपीएफ टीम ने रेल अधिनियम 147 के तहत रेल पटरी क्रास करते हुए 200 यात्रियों को पकड़कर 40 हजार दंड वसूला तथा यात्रियों को दुबारा जान की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं करने की सख्त हिदायत दी.रेल अधिनियम धारा 144 के तहत 87 अवैध हाकर्स,वेंडर्स पर एक्शन लेते हुए करीब 1 लाख रुपए दंड वसूला गया.

**अन्य 443 मामलों में 3,35,200 रुपए रेल कोर्ट में जमा...**

भिवंडी रोड रेल स्टेशन आरपीएफ वरिष्ठ निरीक्षक प्रमोद कुमार गुर्जर ने बताया कि, आरपीएफ टीम ने विगत 1 वर्ष में रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं जैसे, चेन पुलिंग,रेलवे फाटक का नुकसान, विकलांग बोगी में अवैध रूप से यात्रा, नो पार्किंग, ट्रेन पर पत्थरबाजी आदि गंभीर मामलों के कुल 443 केस दर्ज किए और 3 लाख 35 हजार 200 रुपए का दंड वसूल कर रेलवे कोर्ट कल्याण में जमा किया गया. पुलिस निरीक्षक गुर्जर ने कहा कि,भिवंडी रोड रेल स्टेशन पर आरपीएफ टीम यात्रियों की सुविधा की खातिर रेल नियमों के अंतर्गत हर संभव कदम प्राथमिकता से उठा रही है.

### कोपर में भजन संध्या का आयोजन

**दिवा.** राष्ट्रीय सनातन सेवा अर्थ फाउंडेशन की तरफ से कोपर पूर्व जितेंद्र मिश्रा के आवास पर भव्य भजन संध्या एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

गायकों द्वारा ढोल, मंजीरे, हारमोनियम की धुन पर संगीतमय चौपाइयां सुन उपस्थित लोग भाव विभोर उठे। इस मौके पर के डी मिश्रा, देवी प्रसाद मिश्रा प्रमोद मिश्रा, महेश पाटिल, जय पाटिल, शरद ताजने, अनिल जगनार, धीरज मिश्रा, सतीश मौर्य, आशीष गुप्ता, अनुराग मिश्र, सुशील पाल,शुभम तिवारी, वीरेंद्र जैसवाल, सुनील साहनी सहित उपस्थित सैंकड़ों लोगों ने महाप्रसाद का भी लाभ उठाया।

# सुंदरकांड में शामिल हुए विधायक केलकर

उल्हास विकास संवाददाता



**ठाणे.** शहर में स्थित वागले इस्टेट के कामगार नाका परिसर में शिवशांति प्रतिष्ठान के कार्यालय पर शिवपरिवार की ओर से सुंदरकांड व वेदमाता गायत्री का पूजा अर्चना हर शनिवार को शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक किया जाता है।संस्था के संस्थापक एड विनय कुमार सिंह ने बताया कि दिन पर दिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ते ही जा रही है।इस आयोजन में महिला मंडली भजन की प्रस्तुति अति सुंदर रहता है।भाजपा विधायक संजय केलकर भी दर्शन पूजन किया और संस्था के धार्मिक, सामाजिक और पर्यावरण के कार्य की सराहना किया।विधायक केलकर ने कहा कि संस्था के लगातार करते हुए अपनी पहचान देश व शहर में बना रही है।इस बार सुंदरकांड के आयोजक भाजपा नेता हरि मेजर व कांग्रेस युवक महासचिव दीपक पाठक थे।

शिव परिवार प्रमुख पंडित राम मिलन शुक्ला ने सभी का आभार प्रकट किया और कहा की सभी के सहयोग से शिव परिवार का विस्तार बहुत तेजी से हो रहा है। इस अवसर पर कुलदीप तिवारी, संस्कार क्लासेस की संचालिका लक्ष्मी मौर्या, पूर्व नगर सेवक सुरेश कांबले, पूर्व नगर सेवक लालजी यादव, बिल्डर मयूर शाह, दिनेश मौर्या, राजेश यादव, महादेव गाडगे, गोपाल मिश्रा, अरविंद मिश्रा, विजय नाडर,अमित मिश्रा, संतोष यादव, अशोक मिश्रा, जीतू पांडे, अनीता मिश्रा, साधना पांडे, सरिता सिंह चंदन सिंह, रवि शुक्ला, राजेंद्र पांडे, छब्बूलाल उपस्थित थे। सुंदरकांड व भजन कीर्तन एडवोकेट शिक्षा संस्कार ने सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया।

### बिल्डिंग की पार्किंग से बाईक की चोरी

**मुंब्रा.** वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोग परेशान हैं . लेकिन पुलिस चोर गिरोह पर लगाम लगाने में नाकाम दिख रही है। हमेशा व्यस्त रहने वाले शीलफाटा स्थित इमारत से बाईक चोरी होने की घटना सामने आई है।मिली जानकारी के अनुसार अजवा अपार्टमेंट में रहने वाले ताहा सैयद ने रात के समय अपनी बाईक पार्किंग में लाक करके खड़ी की थी, जो रात के समय चोरी हो गई। आसपास खोजबीन करने पर कोई जानकारी नहीं मिल पाई। जिसके बाद सैयद ने चोरी की घटना को लेकर डायघर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# ठाणे पूर्व में उड़ान पुल का काम 15 तक पूरा करने मनपा आयुक्त ने दिया निर्देश

उल्हास विकास संवाददाता



**ठाणे.** शहर में स्थित पूर्व में कोपरी स्टेशन परिसर में चल रहे उड़ान पुल के कार्य से यातायात की समस्या से नागरिकों को निजात दिलाने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दौरा कर 15 अगस्त तक काम पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया।स्मार्ट सिटी के तहत यह प्रकल्प 2.21 किलोमीटर का निर्माण कार्य कन्हैया नगर से सिद्धार्थ नगर तक का काम पूर्ण हुआ है और स्टेशन परिसर में अभी कार्य पूरा नहीं हुआ है और भूमि गत रास्ता का काम अंतिम चरण में है।आयुक्त राव ने कन्हैया नगर में चल रहे प्रकल्प की पूरी जानकारी लिया।इसके अलावा रेलवें की ओर से होने वाले कार्य का भी जानकारी ली।साथ ही रेलवें परिसर के बांधकाम के स्थिति व उड़ान पुल के चल रहे काम काज की जानकारी लिया।इसके साथ ही कोपरी विसर्जन घाट और एमपी थियेटर व गार्डन के कार्य का निगरानी किया।इस दौरे के दौरान स्मार्ट सिटी मुख्य कार्यकारी अधिकारी आणि अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, मुख्य तांत्रिक अधिकारी प्रवीण पापलकर, उपनगर अभियंता शुभांगी केसवानी, कार्यकारी अभियंता धनंजय मोदे, सुधीर गायकवाड आदी अधिकारी उपस्थित थे।

# हीरामंडी सीरीज में दिखाई देंगे फरदीन खान



एक्टर फरदीन खान 14 साल बाद संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी से वापसी कर रहे हैं। मेकर्स ने पोस्टर शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। इस पीरियड ड्रामा सीरीज में वे अली मोहम्मद का किरदार निभाएंगे। फरदीन को आखिरी बार 2010 की फिल्म दूल्हा मिल गया में देखा गया था। इसके बाद से ही फरदीन फिल्मी पर्दे से गायब थे।

### 2001 में फरदीन ने किया था बॉलीवुड डेब्यू

फरदीन ने 2001 में फिल्म 'प्रेम अगन' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को उनके पिता फिरोज खान ने ही डायरेक्ट किया था। यह वह दौर था जब उनकी इमेज चॉकलेटी बॉय के तौर पर मशहूर थी। फरदीन अपने करियर में 'नो एंट्री' और 'हे बेबी' जैसी मल्टीस्टारर फिल्मों का हिस्सा रहे लेकिन उनके हिस्से कभी कोई सोलो हिट नहीं आई। 2010 में रिलीज हुई 'दूल्हा मिल गया' उनकी आखिरी फिल्म थी।

### 1 मई को स्ट्रीम होगी

लंबे वक्त से संजय लीला भंसाली की अपकमिंग सीरीज हीरामंडी सुर्खियों में है। इस सीरीज में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सेहगल, फरीदा जलाल जैसी एक्ट्रेसेस नजर आएंगी। सीरीज में कुल 8 एपिसोड होंगे। सीरीज 1 मई, 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हीरामंडी का इतिहास 450 साल पुराना है। ये पाकिस्तान के लाहौर शहर का एक इलाका है। इसे 'शाही मोहल्ला' के नाम से भी जाना जाता रहा है। हीरामंडी में उज्बेकिस्तान और अफगानिस्तान से महिलाएं आया करती थीं। यहां आकर वे क्लासिकल डांस और गाना गाया करती थीं। अकबर के शासन के दौर में हीरामंडी को 'शाही मोहल्ला' कहा जाता था।

# आंखें नम करती स्वातंत्र्य वीर सावरकर फिल्म



**मुंबई.** अंग्रेजों की क्रुरता, कालापानी की सजा एवं देश के लिए उध्वस्त हुआ देशभक्तों का परिवार के दृश्य देखकर सिनेमा घर में बैठे हर एक व्यक्ति के आंखों से उस यातना एवं दर्द को देखा और समझा जा सकता था। स्वातंत्र्य वीर सावरकर फिल्म देखकर अंधेरीवासियों की आंखे नम हुई।

फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का विशेष शो अंधेरी पूर्व स्थित पीवीआर संगम सिनेमा में शहीद भगत सिंह विचार मंच के साहेब सिंग संधू एवं सरबजीत सिंग संधू द्वारा भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस मौके पर स्वातंत्र्य वीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के कार्याध्यक्ष रणजीत सावरकर प्रमुख अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इसके अलावा आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, पूर्व उपमहापौर अरुण देव, संतोष केलकर, मुरजी पटेल, अशोक यादव, संध्या यादव, बलबीर नेगी उपस्थित थे।

दिल पिघलाती इस फ़िल्म ने अबतक बताए गए सभी उन आधे-अधूरे सच, धारणाओं और राय से प्रेरित तंत्र को नेस्तनाबूद करने का काम करने का ज़िक्र सरबजीत सिंग संधू ने किया।

**आम सूचना**

मैं श्री सुनील फौजदार यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, सामने बैरक नं. 748, ईएसआयएस हास्पीटल के पास, सामने गुरुनानक भावड़ी, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 26बीओ004631200) उक्त प्रॉपर्टी श्री विजय गोपाल यादव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.8.2023 सी.नं. 1542 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री सुनील फौजदार यादव

**आम सूचना**

मैं श्रीमती बेबी गंगाप्रसाद शर्मा सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, पंचशील नगर, हीरा घाट, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 30सीओ005892100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कांताबाई भीमराव बोरकर के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 3.4.2024 सी.नं. 335 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती बेबी गंगाप्रसाद शर्मा

**आम सूचना**

मैं श्री सुनील फौजदार यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, सामने बैरक नं. 748, ईएसआयएस हास्पीटल के पास, सामने गुरुनानक भावड़ी, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 26बीओ004631200) उक्त प्रॉपर्टी श्री विजय गोपाल यादव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.8.2023 सी.नं. 1542 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री सुनील फौजदार यादव

**आम सूचना**

मैं श्रीमती किरण सुरेश ठाकुर सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 301, 3रा माला, नागराणी निवास, रुम नं. 13 से 16, बैरक नं. 823, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 31सीओ005985000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मीरा परसराम नागराणी व चंचलबाई गोदूमल नागरानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.4.2008 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती किरण सुरेश ठाकुर

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099